**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 83**
**(02 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**बिहार में पीएमजीएसवाई**

**83. श्री अजय कुमार मंडलः**
**श्री चन्देश्वर प्रसादः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में विशेषकर जहानाबाद, अखल और गया जिलों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत किलोमीटर में निर्मित सड़कों का ब्यौरा क्या है;
(ख) परियोजनाओं हेतु स्वीकृत और जारी की गई निधि की प्रमात्रा कितनी है और इन्हें पूरा करने संबंधी स्थिति क्या है;
(ग) क्या राज्य में भावी परियोजनाओं हेतु, सड़कों के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं/स्वीकृत की जा रही हैं/विचारार्थ है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख) अब तक बिहार राज्य में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के विभिन्न कार्यक्रमों/घटकों के अंतर्गत कुल 53,269 कि.मी. लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके अतिरिक्त उक्त राज्य को स्वीकृत परियोजनाओं का कुल मूल्य (वीओपी) 34,651 करोड़ रुपए है, जिसमें से 4,698 करोड़ रुपए के राज्य अंश सहित 27,564 करोड़ रुपए की राशि अब तक रिलीज़ की गई है। इसके अलावा, रिलीज़ की गई निधि में से अब तक 27,018.20 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार ने खर्च की है।

जहानाबाद, अरवाल और गया जिलों में पीएमजीएसवाई के विभिन्न घटकों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के मूल्य, निर्मित सड़कों की लंबाई और किए गए व्यय से संबंधित ब्यौरा इस प्रकार है:-

**(सड़कों की लंबाई कि.मी. में और व्यय करोड़ रुपए में)**

| जिले का नाम | पीएमजीएसवाई -I | | | पीएमजीएसवाई –II | | | आरसीपीएलडब्ल्यूईए# | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वीओपी | व्यय | निर्मित सड़कों की लंबाई | वीओपी | व्यय | निर्मित सड़कों की लंबाई | वीओपी | व्यय | निर्मित सड़कों की लंबाई |
| जहानाबाद | 250.35 | 226.56 | 546.21 | 13.51 | 2.16 | 1 | - | 0 | 0 |
| अरवाल | 164.56 | 189.51 | 332.38 | 1.21 | 0 | 0 | - | 0 | 0 |
| गया | 1430.31 | 1317.41 | 2,867 | 94.72 | 43.46 | 46.75 | 215.54 | 117.98 | 167.00 |
| **कुल** | **1845.22** | **1,733.48** | **3,745.59** | **109.44** | **45.62** | **47.75** | **215.54** | **117.98** | **167.00** |

# वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्कता परियोजना

उपर्युक्त तालिका में दी गई जानकारी कार्यक्रम ऑनलाइन प्रबंधन निगरानी और लेखांकन प्रणाली (ओएमएमएएस) के अनुसार है।

(ग) और (घ) सरकार ने बसावटों को अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों (जीआरएएम), उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले 1,25,000 कि.मी. लंबे थ्रू रूटों और प्रमुख ग्रामीण लिंक रूटों के सुदृढ़ीकरण के लिए पीएमजीएसवाई-III को जुलाई, 2019 में अनुमोदित किया था। बिहार को पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत 6162.50 कि.मी. लंबी सड़कों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त, आरसीपीएलडब्ल्यूईए के अंतर्गत राज्य को 220 कि.मी. लंबी अतिरिक्त सड़कें आवंटित की गई हैं। राज्य सरकार से पीएमजीएसवाई-III और आरसीपीएलडब्ल्यूईए के अंतर्गत उन्हें आवंटित लक्ष्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्टें तैयार करने को कहा गया है।

*****